दिन– सोमवार दिनांक– 20 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन।

02. पहले चरण के लिए कुल एक हजार तीन सौ पचहत्तर उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए। प्रत्याशी आज तक नाम वापस ले सकते हैं।

03. निर्वाचन आयोग स्वच्छ और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय। विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से हो रहा है आचार संहिता का अनुपालन।

04. और, दीपों का त्योहार दीपावली आज पूरे प्रदेश में पारंपरिक आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर आज नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। दूसरे चरण के लिए अब तक विभिन्न दलों के प्रत्याशियों, निर्दलीय और अन्य उम्मीदवारों समेत एक हजार छियासठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दूसरे चरण के नामांकन पत्रों की जांच कल की जायेगी जबकि प्रत्याशी तेईस अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण में बीस जिलों के लिए एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्र में ग्यारह नवंबर को मतदान होगा। मतगणना चौदह नवंबर को होगी।

---

एनडीए और महागठबंधन के घटक दलों के कई प्रमुख प्रत्याशी नामांकन पर्चा भरेंगे। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव झाझा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम औरंगाबाद के कुटुम्बा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन करेंगे। कांग्रेस पार्टी के आबिदुर रहमान अररिया से और जलील मस्तान अमौर से नामांकन करेंगे। आईआईपी के प्रमुख आई पी गुप्ता सहरसा से पर्चा भरेंगे। एआईएमआईएम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान अमौर से, पूर्व मंत्री मोनाजिर हसन मुंगेर से नामांकन करेंगे।

---

इधर, पहले चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। पहले चरण के लिए कुल दो हजार चार सौ छियानवे नामांकन भरे गये थे। इनमें एक हजार तीन सौ पचहत्तर उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें एक सौ सैंतालीस महिला प्रत्याशी और एक हजार दो सौ अड़तालीस पुरुष उम्मीदवार हैं। पहले चरण में एक सौ इक्कीस

विधानसभा क्षेत्रों में छह नवम्बर को मतदान होगा। नामांकन वापसी के निर्धारित अवधि अपराह्न तीन बजे के बाद चुनाव आयोग उम्मीदवारों के अंतिम सूची के साथ–साथ उन्हें चुनाव चिन्ह का आवंटन करेगा।

———————————————————————————

कांग्रेस पार्टी ने छह सीटों पर अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। पार्टी ने वाल्मीकिनगर से सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, अररिया से आबिदुर रहमान, अमौर से जलील मस्तान, बरारी से तौकीर आलम, कहलगांव से प्रवीण सिंह कुशवाहा और सिकंदरा सुरक्षित सीट से विनोद चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने उनसठ सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

———————————————————————————

राजद ने सुपौल जिले की निर्मली, जमुई की चकाई और झाझा सीट पर प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने चकाई से सावित्री देवी, झाझा से पूर्व केन्द्रीय मंत्री जय प्रकाश नारायण यादव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, निर्मली सीट से पूर्व आईआरएस अधिकारी बैद्यनाथ मेहता को टिकट दिया है। इधर, राजद ने अपने कोटे की तीन सीटें– सहरसा, बेलदौर और जमालपुर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी, आईआईपी को दी है। आईआईपी के प्रमुख आई पी गुप्ता सहरसा से उम्मीदवार होंगे।

———————————————————————————

असदुद्दीन की पार्टी, एआईएमआईएम ने अपने पच्चीस प्रत्याशियों की औपचारिक सूची जारी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल इमान अमौर से, पूर्व मंत्री मोनाजिर हसन मुंगेर से, आदिल हुसैन को बलरामपुर से, राणा रंजीत सिंह मधुबनी से और सिकंदरा सुरक्षित सीट से मनोज कुमार दास को टिकट दिया है।

———————————————————————————

जनता दल यूनाईटेड ने पूर्णियां जिले की अमौर विधानसभा सीट से पूर्व सांसद साबिर अली की उम्मीदवारी वापस ले ली है। पार्टी ने इस सीट पर सबा जफर को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि साबिर अली को दो हजार चौदह में जदयू से निष्कासित कर दिया गया था।

———————————————————————————

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन में सीटों के बटवारे को लेकर उत्पन्न विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। सहरसा में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस ने गठबंधन धर्म का हमेशा पालन किया लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व महागठबंधन को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि महागठबंधन के घटक दलों के बीच दोस्ताना लड़ाई की स्थिति नहीं होनी चाहिए। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने उम्मीद जतायी कि नामांकन वापसी तक सब कुछ स्पष्ट हो जायेगा। श्री भट्टाचार्य ने दावा किया है कि महागठबंधन में सीएम उम्मीदवार को लेकर कोई भ्रम नहीं है।

———————————————————————————

इधर, भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महागठबंधन केवल पारिवारिक पार्टियों का एक समूह है। श्री रूढ़ी ने पटना में कहा कि महागठबंधन में सीटों के लिए जो मारा–मारी चल रही है, उसे जनता खूब समझ रही है।

———बाइट———

———————————————————————————

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्ष और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भाजपा से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने की अपील की है। श्री मांझी ने गया में कहा कि एनडीए को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करके चुनाव लड़ना चाहिए।

———बाइट———

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग स्वच्छ और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। आयोग ने विभिन्न एजेंसियों और सुरक्षा दलों के जरिये राज्य में आचार संहिता के अनुपालन के लिए विशेष कदम उठाये हैं। इस दौरान बड़े पैमाने पर नकद और मादक पदार्थ जब्त किया गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

———————————————————————————

अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी और स्टेट स्वीप आइकॉन वैभव सूर्यवंशी ने लोगों से विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मतदान करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।

———बाईट———

———————————————————————————

दीपों का त्योहार दीपावली आज पारंपरिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर धन की देवी लक्ष्मी और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा–अर्चना की जाती है। दीपावली को लेकर पूरे प्रदेश में उत्साह का माहौल है। लोग सुबह से ही पूजा सामग्रियों की खरीदारी करते दिख रहे हैं। दरभंगा से हमारे

संवाददाता ने बताया कि जिले में दीपावली और काली पूजनोत्सव भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---बाईट---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दीपावली के अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिवाली और छठ पर्व के मद्देनजर यात्रियों के भीड़ प्रबंधनके लिये किये गये इंतजामां का नई दिल्ली स्थित आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने यात्रियों सुविधा का जायजा लिया। इस दौरान श्री वैष्णव ने यात्रियों से बातचीत भी की और सुविधाओं के बारे में उनकी प्रतिक्रिया भी जानी। उन्होंने कहा कि रेलवे के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों से फर्जी वीडियो प्रसारित न करने की भी अपील की की है।

---बाइट---

---

दीपावली को देखते हुए राज्य सरकार ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इधर, किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्सकों और पारा मेडिकल कर्मियों की छुट्टी रद्द कर दी है। सभी अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। विभाग ने आपतकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अस्पतालों में अतिरिक्त चिकित्सकों की भी तैनाती की है। अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट पर रखा है। वहीं, पूजा को लेकर प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल और विश्वविद्यालय में अट्ठाईस अक्टूबर तक अवकाश घोषित किया गया है। इधर, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि बैंक आज खुले रहेंगे। आरबीआई के महाप्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि इस दौरान बैंकों में सभी काम सामान्य रूप से होंगे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानसभा चुनाव से जुड़ी अलग-अलग खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है- महागठबंधन में तल्खी बढ़ी, बातचीत भी बंद।

इसी खबर पर दैनिक जागरण लिखता है— महागठबंधन में संवादहीनता से बनी भ्रम की स्थिति। एकता पर भी सवाल।

दैनिक भास्कर का शीर्षक— विधायकों का टिकट कटा तो बने बागी, अब निर्दलीय लड़ेंगे चुनाव।

प्रभात खबर बिहार विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रचार से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखता है— चुनाव प्रचार में छह दिन रहेंगे बिहार में, करेंगे कई सभाएं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन।

02. पहले चरण के लिए कुल एक हजार तीन सौ पचहत्तर उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए। प्रत्याशी आज तक नाम वापस ले सकते हैं।

03. निर्वाचन आयोग स्वच्छ और निष्पक्ष विधानसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह सक्रिय। विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से हो रहा है आचार संहिता का अनुपालन।

04. और, दीपों का त्योहार दीपावली आज पूरे प्रदेश में पारंपरिक आस्था, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।